हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 23 जून 2024

09 दो ठेकेदारों के विवाद से परेशान ग्रामीण लोग स्वयं...



10 आकाशीय बिजली गिरी एक की मौत छुट्टी पर...





## डीईओ के जांच के आदेश के बाद भी निजी स्कूलों पर नहीं हो रही कार्रवाई

# चुनिंदा दुकानों पर मिलती हैं किताब कॉपी लेने का भी दबाव, पालक परेशान

निजी स्कूलों की किताबें और कॉपी चुनिंदा दुकानों के आरोपों की जांच धीमी गति से चल रही है, महीनों बीत जाने के बावजूद अभी तक जांच ठप्प पड़ी हुई है, खुलेआम चल रही किताबों की दुकान प्रशासन की नजरों से दूर है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



लगातार निजी स्कूलों की मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासनिक अमले ने जांच के दावे करते हुए सिवनी मालवा में जांच दल गठित कर दिया। जिसमें निजी स्कूलों की जांच के लिए जिला प्रशासन की ओर से गठित टीम सिवनी मालवा के कुछ निजी स्कूलों में जांच करने पहुंची, जहां पहले अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन से चर्चा की साथ ही फीस और स्कूल में चलाई जाने वाली पुस्तकों की जानकारी ली। लेकिन कुछ दिन चली यह कवायद चंद दिनो की कागजी खानापूर्ति ही साबित हुई, जांच टीम के सदस्यों ने सिवनी मालवा के कुछ निजी स्कूलों में पहुंच कर बच्चों से बात तो की लेकिन लगातार मिल रही शिकायत को लेकर उपस्थित विद्यार्थियों से सवाल जबाव कर अपनी कथित रिपोर्ट बनाने की बाते भी सामने आ रही है। हालांकि अभी तक जांच रिपोर्ट जिला कार्यालय में जमा नहीं हुई है, ना ही अभी तक रिपोर्ट अभी तक पूरी हुई है। अब देखना यह है कि प्रशासनिक अधिकारी अपनी रिपोर्ट कब तक जमा करता है।

जांच रिपोर्ट में जो भी आए लेकिन निजी स्कूलों की पुस्तकों की जानकारी ना तो स्कूल की सोशल मीडिया पेज पर उपलब्ध है ना ही शासन की किसी बेव साइड पर। हालांकि कुछ स्कूलों ने जांच शुरू के बाद अपने स्कूलों के बोर्ड पर पुस्तकों की सूची जरूर लगा दी है। अब इसका दोषी कौन है स्कूल प्रबंधन या शासन के अधिकारी जो निजी स्कूल की पुस्तकों की जानकारी सार्वजनिक करने से बचते रहते है। हालांकि जांच दल की जो भी रिपोर्ट हो वह भी सार्वजनिक होना चाहिए, जिससे सबको पता चले कि स्कूलों पर लग रहे आरोपों में कितनी सत्यता है, या फिर जो आरोप स्कूलों पर लगते है उनकी जांच होती है तो अधिकारियों को क्या मिलता है? हालांकि रिपोर्ट को सार्वजनिक करने को लेकर अधिकारी अपनी असमर्थता जताते है लेकिन अगर जांच रिपोर्ट सामने आई तो सारा सच पूरी तरह सामने आ जाएगा।

### सार्वजनिक होना चाहिए जांच रिपोर्ट

अधिकारियों ने निजी स्कूलों की जांच कर ली, तमाम स्कूलों में जाकर स्कूल प्रबंधन से मुलाकात की, कुछ स्कूलों में बच्चों से बातचीत की। दावे किए जा रहे है कि बच्चों से स्कूल प्रबंधन की गैर मौजूदगी में बात कर जानकारी ली गई है लेकिन जब स्कूल के भीतर बच्चों से बात की जा रही है तो बच्चों पर स्कूल प्रबंधन द्वारा दी गई समझाइश का कितना असर रहा होगा यह बात आसानी से समझी जा सकती है। खैर बात जांच रिपोर्ट की करे तो दो महीने से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद अभी तक जांच अधूरी होना, चिंता का विषय तो है तो कहीं ना कही इशारा भी करता है कि इसमें राजनैतिक हस्तक्षेप के कारण भी अधिकारियों को कार्रवाई करने में कुछ समस्याएं सामने आ रही होगीं। हालांकि यह बात अक्सर सामने आती है कि निजी स्कूलों की पुस्तकें चुनिंदा दुकानों पर ही मिलती है लेकिन बीते सालों में इन पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं होना कई गठजोड़ो की ओर इशारा भी करता है। खैर पहले जो हुआ वो अलग बात है लेकिन अब जबलपुर में हुई कार्रवाई के बाद जनता की नजर यहां भी है कि क्या यहां भी मध्यप्रदेश शासन के नियम चलेगें या किसी और के?

**जांच दल में शामिल सदस्य**

- राकेश खजूरिया, तहसीलदार
- एसएस रघुवंशी, बीओ
- संगीता यादव, बीआरसीसी
- एएस राजपूत, प्राचार्य सीएम राइज

**जांच चल रही है**

जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर सिवनी मालवा के निजी स्कूलों की जांच चल रही है। कुछ स्कूलों में बच्चों से जानकारी ली गई थी, बीच में स्कूल बंद होने के कारण जांच में समय लगा है। शीघ्र ही जांच पूरी कर इसकी रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को सौंप दी जाएगी।

**संगीता यादव**, बीआरसीसी सिवनी मालवा

जांच दल में तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी थे, जांच लगभग पूरी हो चुकी है लेकिन अपनी अपनी व्यवस्थाओं के साथ जांच रिपोर्ट अभी नहीं बन पाई है, जिसे जल्द बनाकर जिला कार्यालय को सौंप दिया जाएगा।

**एसएस रघुवंशी**, विकास खंड शिक्षा अधिकारी

## इस वर्ष गेहूं खरीदी कम कर सरकार ने किसानों के साथ किया धोखा : उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक ओर जहां केन्द्र और राज्य सरकार किसान हित की बात कर अपनी पीठ थपथपा रही है, वहीं किसानों की उपज को पूरी न खरीदने से अन्नदाता अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। यह बात मप्र कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राजकुमार केलू उपाध्याय ने बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि बेहद चौंकाने वाली और गंभीर चिंता की बात है कि 80 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य की बजाय मप्र में इस बार लगभग सिर्फ 48 लाख मीट्रिक टन गेहूं की ही खरीद हो सकी है जो लक्ष्य से लगभग 40 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि वैसे तो मप्र में लगभग 15.46 लाख किसानों ने गेहू बेंचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन 6.13 लाख के लगभग किसानों ने ही सरकारी केंद्रों पर गेहू बेचा, क्या लापरवाही, कमजोरी ऐसा क्यों? प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार केलू उपाध्याय ने कहा कि यह मीडिया रिपोर्ट ऐसे समय पब्लिक डोमेन में आई जब केंद्रीय कृषि मंत्री भी मध्यप्रदेश में, बीते 4 सालों में पंजाब के साथ गेहू खरीद में टॉप 2 में रहा मध्यप्रदेश इस साल तीसरे स्थान पर खिसक गया है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता उपाध्याय ने कहा कि सच्चाई यह है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए प्रति क्विंटल करने का वादा किया, तो लाखों रजिस्ट्रेशन हो गए। इतना ही नहीं भाजपा को वोट नहीं देने वाले किसानों को भी उम्मीद थी कि इस बार उनका भला होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लेकिन 125 रुपए बोनस के साथ जब खरीदी मूल्य 2400 रुपए प्रति क्विंटल ही रहा, तो नाराज किसान मंडियों में चले गए। किसानों के प्रति इसे केंद्र की भाजपा सरकार की धोखाधड़ी बताया है। उपाध्याय ने कहा कि जानकारों का यह भी कहना है कि रजिस्ट्रेशन फरवरी के अंत में शुरू हुए, लेकिन बोनस की घोषणा मार्च के दूसरे हफ्ते में हुई, देरी और इस वादाखिलाफी के बाद ही नाराज किसान मंडियों का रुख करने लगे। तब विपक्ष ने सरकार को चेताया, किंतु सरकार सोई रही। मध्यप्रदेश सरकार से यह पूछा जाना चाहिए कि वह क्यों भूल गई कि खरीदी भी 20 मार्च के बाद शुरू हुई, जबकि कई क्षेत्र में एक हफ्ते पहले ही गेहूं की फसल बाजार में आ जाती है और नर्मदांचल,मालवा मध्यप्रदेश का एक बड़ा गेहूं उत्पादक इलाका है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को मध्यप्रदेश के किसानों से माफी मांगनी चाहिए व 2700 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बकाया भुगतान भी तुरंत करना चाहिए अन्यथा आने वाले समय में पूरे देश में खरीदी को लेकर मध्यप्रदेश की और ज्यादा किरकिरी होगी। वहीं वर्तमान परिस्थिति में भी प्रदेश सरकार मूंग की फसलों का पंजीयन होने के लगभग एक माह होने पर भी खरीदी में देरी कर रही है।

## होमगार्ड सैनिक ने 4 वर्षीय बालक को पानी में डूबने से बचाया



**नर्मदापुरम।** होमगार्ड के सैनिक ने शनिवार को एक 4 वर्षीय बालक को सेठानी घाट में डूबने से बचाया। पूर्णिमा पर्व के अवसर पर जिले के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर होमगार्ड और एसडीआरएफ के जवानों को तैनात किया गया था। जिले के सेठानी घाट पर पूर्णिमा ड्यूटी में तैनात सैनिक रविंद्र ने माता-पिता के साथ स्नान करते समय इटारसी तहसील के ग्राम पथरोटा के 4 वर्षीय बालक राजू पिता राजवीर को अचानक गहरे पानी में चले जाने एवं डूबने पर उसे सुरक्षित बाहर निकाल कर उनके माता-पिता को सौंपा।

## नन्हे गणितज्ञ दिखाएंगे कमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कौन बनेगा मैथ्स का चैंपियन प्रतियोगिता आज नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में संस्था कौशल श्री विकास समिति के द्वारा कौन बनेगा 'मैथ्स का चैंपियन' नन्हे बच्चों के लिए आयोजित की जा रही है। जिसमें 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चे भाग ले रहे हैं। संस्था कौशल श्री विकास समिति के मनीष बिल्लौरे और नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य इमरान खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में 150 प्रश्न 10 मिनट में हल करने होते हैं। बच्चों की उम्र के हिसाब से जोड़ ,घटाना, गुणा एवं भाग के जटिल प्रश्न सम्मिलित किए जाते हैं। इस वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन नगर के प्रतिष्ठित स्कूल नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल बाबई रोड, नर्मदपुरम में 23 जून को शाम 4 बजे से किया जाएगा। इस आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चो को प्रतिस्पर्धा के इस युग में टाइम मैनेजमेंट करना सिखाया जायेगा।

## द चैम्प्स फन स्कूल में हुआ शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में एक दिवसीय 360 डिग्री प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के पूर्व पूजन कार्यक्रम हुआ जिसमें पं कुलकेश तिवारी ने पूजन हवन संपन्न कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों में पढ़ने–पढ़ाने का सही तरीका साझा किया गया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों को खेल के माध्यम से बच्चों को आसान तरीके से सिखाना बताया गया।

शिक्षिकाओं ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए ताकि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास हेतु सहायक बातें सिखा सकें। शिक्षक शिक्षिकाओं ने निम्न बिंदुओं पर अपना प्रेजेंटेशन दिया महिंदर कौर असेंबली टाइम, मेघा बैस एवं बाली कड़वे ने ब्लैकबोर्ड मैनेजमेंट शीतल कंकाले कक्षा में प्रवेश व उत्तम व्यवहार के साथ अंग्रेजी के पाठ को कैसे कक्षा में प्रारंभ करें विषय पर अपना प्रजेंटेशन दिया। प्रियंका महरोत्रा ने गणित पढ़ाने के प्रभावशाली तरीके, सुश्री आयुषी अग्रवाल एक्टिविटी टाइम, नीमेश कुरिले ने डायरी के उपयोग के बारे में बताया। मनीषा तोमर ने अनुशासन, खुशी पटेल ने केयर एंड सेफ्टी, स्नेहा तोमर ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, सीमा सांगेवार ने सर्किल टाइम, विनम्रता तिवारी ने क्लासरूम मैनेजमेंट और रीना मालवीय ने जीवनकला कौशल, नेहा राठौर ने हाइजीन एंड क्लीनलिनेस, मनाली जायसवाल ने चैंपियन बनाने की रेसिपी जैसे विषयों पर अपने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम समापन में डॉ आशीष चटर्जी ने इस कार्यक्रम के महत्व व प्रशिक्षण को समझाते हुए बताया कि शिक्षक शिक्षिकाओं के अपने विचार के आपस में आदान-प्रदान करने से बहुत अच्छा परिणाम मिलता है। प्राचार्य ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए वक्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम प्रभारी शाला डायरेक्टर जूही चटर्जी रही। मंच संचालन मनीषा तोमर एवं विनम्रता तिवारी ने किया। आभार खुशी पटेल ने व्यक्त किया।

## एमपीपीएससी की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन जिला मुख्यालय पर 23 जून को किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी, प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगी एवं दूसरी पाली दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। नर्मदापुरम जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उक्त जानकारी शनिवार को आयोजित एमपीपीएससी की परीक्षा आयोजन तैयारी संबंधी बैठक में अपर कलेक्टर डीके सिंह ने दी। बैठक में उपायुक्त राजस्व गणेश जयसवाल, एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्र, डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी बबीता राठौर, उडनदस्ता दल प्रभारी असवनराम चिरावन, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे, नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान एवं सभी परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्ष अधिकारी मौजूद थे। अपर कलेक्टर ने बताया कि परीक्षा के प्रश्न पत्र जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम पुराने कलेक्टर भवन से कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाएं जाएंगे। इसके लिए विशेष वाहन दल अधिकारी नियुक्त किए गए है। नियुक्त विशेष वाहक दल शील्ड पैकेटों में पाये जाने वाले प्रश्न पत्रों की संख्या का सत्यापन भी करेंगे तथा परीक्षा केन्द्रों पर सतत निगरानी रखेंगे। किसी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### 7 केन्द्रों पर होगी परीक्षा

जिला मुख्यालय में मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

बताया गया कि कैंपियन पब्लिक हासे स्कूल, सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल कोठी बाजार, शांतिनिकेतन मांटेसरी सीनियर सेके स्कूल सदर बाजार, समेरिट्ंस इंग्लिश मीहासे स्कूल चक्कर रोड, सरवाईट कॉन्वेंट सीनियर से. स्कूल हाउसिंग बोर्ड आईटीआई रोड, शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय सदर बाजार एवं शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाए गये है। बैठक में बताया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर वर्षा से बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है एवं परीक्षा केन्द्रों में आयोग के निर्देशानुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

## न्यायालय परिसर में मनाया योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोदय के निर्देशन में एवं उनकी उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर नर्मदापुरम में शुक्रवार को योग दिवस मनाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शशि सिंह ने बताया कि स्वस्थ शारीर में स्वस्थ मस्तिक निवास करता है और योग शरीर एवम मस्तिक दोनो को स्वस्थ रखने में सहायक है। अन्तर्राष्टीय योग दिवस पर योग प्रशिक्षक अंशुल जैन, आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा योग करवाया गया। जिला न्यायालय के अलावा तहसील न्यायालयों में भी योग दिवस मनाया गया है। योग दिवस में उपस्थित द्वितीय जिला न्यायाधीश अभिनव कुमार जैन, रितु वर्मा कटारिया, मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट, शिवचरण पटेल, जेएमएफसी, रुचि पांडेय, प्रधान मजिस्ट्रेट, जेजेबी, लीगल ऐड डिफेंस काउंसल एवं समस्त न्यायालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

**7 जुलाई को स्वस्थ्य होकर रथ पर आरूण होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान**

# महास्नान से भगवान जगन्नाथ हुए बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जगत के पालनहार भगवान जगन्नाथ का 51 किलो दूध, दही व पंचामृत से महास्नान हुआ। महास्नान प्राचीन श्री जगदीश मंदिर में हुआ। इसके बाद भगवान 15 दिन के लिए बीमार हो गए। गर्भगृह में रखकर औषधी से इलाज कर भगवान को ठीक किया जाएगा। आषाढ़ की दूज पर भगवान ठीक होंगे। फिर वे अपनी प्रजा का हाल जानने और भक्तों को दर्शन देने भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलदाऊ के साथ रथयात्रा पर निकलेंगे। शनिवार को पूर्णिमा के अवसर पर जगदीश मंदिर में भगवान को दूध, दही, नर्मदा जल, गंगा जल, पंचामृत, शहद आदि से दिव्य स्नान कराया गया। महास्नान करीब दो घंटे चल चला। इसके बाद भगवान की दिव्य आरती हुई। मंदिर के महंत नारायणदास ने बताया कि मान्यता है कि जेठ पूर्णिमा पर भगवान महास्नान के बाद अस्वस्थ हो जाते हैं। इसलिए उन्हें दिव्य पदार्थों से स्नान कराया जाता है। इसके बाद वे 15 दिन गर्भगृह में रहेंगे। तब तक सिंहासन पर उनकी जगह भगवान के चांदी के दिव्य मुकुट की ही पूजन होगी। मुकुट ही सिंहासन पर विराजमान रहेंगे। इस दौरान 15 दिन दिव्य औषधियों से उनका उपचार कर वैद्य उन्हें स्वस्थ करेंगे और फिर भगवान भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलेंगे।

### शहर में 10 दिन निकलेगी रथयात्रा

शहर में रथयात्रा 7 जुलाई को शुरू होगी। जो मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकलेगी। 6 जुलाई की रात को भगवान स्वस्थ हो जाएंगे। 7 जुलाई को उन्हें रथ पर विराजमान किया जाएगा। भगवान रथ पर विराजमान होकर शहर में निकलकर भक्तों को दर्शन देते हैं। 7 जुलाई को रथयात्रा का पहला पड़ाव जनकपुरी इंदिरा चौक के पास होगा। यहां रात्रि विश्राम कर रथयात्रा ग्वालटोली जाएगी। यहां काली मंदिर के पास रथयात्रा रुकेगी। रथयात्रा दो दिन ग्वालटोली में रुकने के बाद सतरास्ता आएगी। यहां तय स्थानों पर एक-एक दिन रुकेगी। इसमें जयस्तंभ चौक, मेनबोर्ड स्कूल के पास, मंगलवारा वार्ड, हनुमान मंदिर सहित अन्य स्थानों पर रथयात्रा एक-एक रात रुकेगी।

## अब जगह जगह नहीं रुकेंगी यात्री बस, बिना स्टापेज रुकने वाली 4 बसों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




संभाग मुख्यालय की मुख्य सड़क पर मनमर्जी से बसों को निर्धारि स्टापेज पर रोकने वाले बस संचालकों पर अब कार्रवाई शुरू हो चुकी है। विदित हो कि शनिवार को परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप द्वारा ली गई परिवहन एवं शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में तथा कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मार्गो पर जांच दल द्वारा बसों के निर्धारित स्टापेज देखे गए तथा निर्धारित स्टापेज पर के अतिरिक्त अन्य स्थान पर रुककर सावारी भरने तथा उतारने वाली बसों की धरपकड़ की गई। 4 बसों को जप्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवाया गया। साथ ही पिपरिया तहसील में एक यात्री बस क्रं.आरजे 09 पीए 3093 बिना परमिट तथा बिना फिटनेस के सवारी ले जाते हुए मिली, जिसे जप्त कर पिपरिया थाने में जप्त किया गया, जांच के दौरान अन्य वाहनों से 15000 चालानी राशि वसूल की गई। जिन वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई उन सभी वाहन संचालकों को वाहनों में किसी भी प्रकार की कमी न रखने की सख्त हिदायत दी गई, आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने बताया की आगामी दिनो में किसी भी बस संचालक द्वारा अपनी बसों को निर्धारित स्थान पर न रोककर अन्यत्र स्थान पर रुकता हुआ पाया गया तो ऐसे वाहनों पर सख्ती के साथ परमिट निरस्त तथा चालानी कार्यवाही की जाएगी, आरटीओ जांच दल द्वारा बिना स्टापेज रुकने वाली बसों पर कार्यवाही निरंतर की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### व्यापारी संघ, युवाओं ने की बुजुर्ग की मदद

**शाहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर एक बुजुर्ग व्यक्ति दयनीय हालत में पड़ा हुआ था। युवाओं की नजर जब उस पर पड़ी तो उन्होंने बुजुर्ग को उठाया। व्यापारी संघ की मदद से युवाओं ने, बुजुर्ग को नहलाया, सेविंग-कटिंग करवाई, नए कपड़े पहनाए और भोजन की व्यवस्था की। व्यापारी संघ के अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने कि कुछ युवाओं के द्वारा उन्हें बुजुर्ग के संबंध में बताया गया था। उनके द्वारा शाहपुर वाटसएप ग्रुप में इस बुजुर्ग व्यक्ति के बारे में सूचना डाली गई थी। परंतु किसी भी व्यक्ति या अधिकारियों के द्वारा इस बुजुर्ग व्यक्ति की सहायता के लिए कोई आगे नहीं आया। ऐसा लगता है जैसे मानवता समाज से खत्म हो गई है। व्यापारी संघ एवं युवाओं ने बुजुर्ग की मदद की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी, कर्मचारियों ने भी बुजुर्ग व्यक्ति की मदद की।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**शाहपुर।** शनिवार को सुबह 9 बजे के लगभग नेशनल हाईवे बैतूल भोपाल मार्ग पर बाबा के चौराहे के पास रपटा पर इशांत पिता हरिराम साहू डोडरा मोहर की बाइक और कार में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। बाइक सवार को चोटें आई हैं। हरिराम साहू रेलवे में कार्यरत है और उन्हें तुरंत ही 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर लाया गया। जहां उनका प्राथमिक इलाज कर जिलाअस्पताल बैतूल के लिए रेफर कर दिया गया। शाहपुर बीएमओ डॉक्टर एसके रघुवंशी ने बताया कि उन्हें फ्रैक्चर हुआ है इसलिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस घटना के बाद लोगों का कहना था कि यहां पर आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं। और यह नेशनल हाईवे सड़क मार्ग चौराहे के रूप में परिवर्तित है। शाहपुर के अंदर जाने के लिए भंवरा से चलकर आने का यह प्रथम मुख्य मार्ग है। परंतु इसे प्रारंभ हुए लगभग दो माह बीत चुके हैं। और सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा यहां पर किसी प्रकार का भी कोई संकेत बोर्ड नहीं लगाया गया है। न तो सड़क निर्माण कंपनी ध्यान दे रही है और न ही शासन, प्रशासन। यहां आए दिन हो रहे एक्सीडेंट पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### ई रिक्शा चालकों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**बैतूल।** ई रिक्शा चालकों ने प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में ई रिक्शा चालक संघ ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उल्लेख किया है कि उन्हें शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से डीजल ऑटो के चालकों द्वारा सवारी नहीं बैठाने दी जाती है। यदि वह सवारी बैठाते हैं तो उन्हें मारने-पीटने और गाड़ी तोडने की धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि उन्हें कोतवाली चौक, बाबू चौक, कालेज चौक, हास्पिटल चौक सहित शहर के अन्य चौक-चौराहों से सवारी बैठाने के लिए सुरक्षा प्रदान की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान देवेंद्र गिरी, रमेश शेषकर सहित अन्य ई रिक्शा चालक मौजूद थे।

## 24 तक स्कूल संचालकों को अपनी त्रुटियों को सुधारना होगा

# नियमों पर खरे नहीं उतरे तो निजी स्कूलों की खैर नहीं, जांच करने बनाई गई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए शासन सख्त हो गया है। निजी स्कूल शासन के नियमों पर खरे नहीं उतरे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शासन ने निजी स्कूलों को 24 जून तक अपनी त्रुटियों को सुधारने का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद निजी स्कूलों में त्रुटि पाई गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच एवं कार्रवाई के लिए जांच कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी बनाने को लेकर कलेक्टर के पास अभी मामला लंबित है, जल्द ही कलेक्टर जांच कमेटी का गठन करेंगे।

जानकारी के मुताबिक शासन ने सभी निजी स्कूलों को आदेश जारी किए हैं कि आगामी 24 जून तक स्कूल संचालकों को अपनी त्रुटियों को सुधारना होगा। शासन द्वारा जारी की गई गाइड लाइन अनुसार सभी स्कूल संचालित होंगे। किसी ने भी नियमों का पालन नहीं किया तो संबंधित स्कूल संचालकों पर एक्शन लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निजी स्कूल संचालकों द्वारा स्कूल की यूनिफार्म खरीदने के लिए अपनी चहेती दुकान से बाध्य किया जाता है, लेकिन इस वर्ष सरकार ने इस संबंध में ऐसे निजी स्कूलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

### जांच के लिए बनेगी तीन तीन सदस्यीय कमेटी

जानकारी के मुताबिक निजी स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए कलेक्टर द्वारा तीन-तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कमेटी द्वारा स्कूलों की जांच की जाएगी और पता लगाया जाएगा कि निजी स्कूल संचालकों द्वारा शासन के द्वारा जारी की गई गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है या नहीं। किसी स्कूल द्वारा मनमानी करना पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। बताया जा रहा है कि जांच के लिए गठित की गई टीम में एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस कमेटी का गठन 24 जून तक कर दिया जाएगा। गठित टीम 24 जून के बाद निजी स्कूलों की नब्ज टटोलना शुरू कर देंगे। 24 जून के बाद भी निजी स्कूल संचालन में कोई त्रुटि मिलती है तो संचालक पर कार्रवाई की गाज गिरना लगभग तय माना जा रहा है।

### इनका कहना है

अशासकीय शालाओं के विद्यार्थियों को लेकर कलेक्टर द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। बस्ते का वजन, यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री आदि के निर्देश हैं। निश्चित दुकान से यूनिफार्म, शिक्षण सामग्री क्रय करने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। टीम भी गठित की गई है, जो छात्र या अभिभावकों से शिकायत प्राप्त होने पर जांच करेगी।

**अनिल सिंह कुशवाहा**
जिला शिक्षा अधिकारी बैतूल

### सतपुड़ा वैली के छात्रों ने कैंब्रिज चौक पॉइंट रिजल्ट्स जून 24 में बेहतरीन परीक्षा परिणाम के



*बैतूल। शैक्षणिक कौशल का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए, कैंब्रिज लोअर सेकंडरी चौक पॉइंट रिजल्ट्स जून 24 में सतपुड़ा वैली स्कूल के आरव मिश्रा, महेश्वेर मवासे,शौर्य तातेड़ आर्यन प्रजापति,वही कैंब्रिज प्राइमरी चौक पॉइंट रिजल्ट्स जून 24 में अरुन्दति वैद्य, सेजल सरियाम, दृष्टि नरवरे ने हाल ही में आयोजित परीक्षाओं में अपने असाधारण प्रदर्शन के साथ एक नया मानदंड स्थापित किया है। विभिन्न विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करके, इन युवा विद्वानों ने समर्पण, दृढ़ता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को उजागर करती है, बल्कि शिक्षकों और परिवारों द्वारा पोषित सहायक वातावरण को भी दर्शाती है। उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाना साथियों के लिए प्रेरणा का काम करता है और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के महत्व को रेखांकित करता है। स्कूल डायरेक्टर श्रीमती दीपाली निलय डागा प्राचार्या जया चक्रवर्ती स्कूल मैनेजर शिवशंकर मालवीय एवं स्कूल परिवार इन उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वालों को उनकी अच्छी तरह से योग्य सफलता के लिए गर्व से बधाई देता है*

# पल्स पोलियो अभियान रैली से किया जागरूक

*जिले में आज से 25 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियाल चलेगा*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में 23 जून से 25 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जागरूकता रैली निकालकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का आह्वान किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उईके ने बताया कि जिला स्तर पर 22 जून को पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु जागरूकता रैली को प्रातः 10:30 हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र से प्रारंभ होकर कृष्णपुरा वार्ड, तिलक वार्ड, आजाद वार्ड से कोठी बाजार रोड होते हुए लल्ली चौक पहुंची, जहां मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, एएनएम टीसी की छात्राएं, संजीवनी हायर सेकेण्डरी स्कूल विद्यार्थी, शहरी एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु संदेश दिया गया। इसके बाद रैली नगर पालिका परिषद पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया। रैली में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एके भट्ट, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश परिहार, प्राचार्य उज्जवला पाल, उप जिला मीडिया अधिकारी महेशराम गुबरेले, डीसीएम कमलेश मसीह, प्रभारी परिवार कल्याण भगत सिंह उइके, आरबीएसके मैनेजरयोगेन्द्र दंवडे, डाटा मैनेजर तापीदास, एनएमए शेखर हारोड़े, प्रभारी एपीएम शहरी क्षेत्र प्रकाश माकोड़े, संजीवनी स्कूल शिक्षक, शिक्षिका, श्रीमती तनुजा गुजरकर एवं एमपीडब्ल्यू पंजाबराव सेलकरे,कृष्णा पाटिल, संजय गावंडे मौजूद रहे।

### आज राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

डॉ.उईके ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद डीडी उईके के मुख्य आतिथ्य में सुबह 8 बजे जिला चिकित्सालय परिसर में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के अनुमानित 168000 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

## महावीर इंटरनेशनल संकल्प ने किया आयोजन

# एक्टिविटी कैंप में बच्चों को सिखाए योगासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल ने अमिझरा पार्श्वनाथ मंदिर परिसर गंज में बच्चों के लिए 4 दिन का निशुल्क एक्टिविटी केम्प का आयोजन 18 से 21 जून तक किया।

जिसमें लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया। चंदन शाह ने बहुत ही रोचक तरीके से योग और प्राणायाम सिखाया सलोनिका अग्रवाल ने गुड टच व बेड टच और अपनी अच्छाइयों और कमजोरियों को जानने और उनको दूर करने के बारे मे जानकारी दी। डॉ नमिता लश्करे ने अच्छे हाइजीन की जरूरत और उपायों के बारे मे समझाया वीरा मीनाक्षी लुहाडिया ने कार्ड से एनवल्प डेकोरेशन व वीरा शर्मिला पारख राजुल, सुनीता, रेखाजी ने सादा टांका व बटन लगाना, वीरा नीता खण्डेलवाल व वीरा करूणा गर्ग ने पेपर बाल बनाना दिया डेकोरेशन व पौधारोपण का महत्व समझाकर सभी बच्चों से पौधे लगवाए। वीरा नीता खंडेलवाल एवं करुणा गर्ग ने कैंप का संचालन किया। महावीर इंटरनेशनल के सदस्य वीरा सरला शांतिलाल तांतेड, वीरा पूनम मेहता, वीरा जूली रांका, वीरा प्रतिभा लुहाडिया, वीरा राजुल शाह, वीरा नूतन लुहाडिया, वीरा नीता खण्डेलवाल, वीरा करूणा गर्ग,वीरा पिंकी पगारिया, वीरा सपना पगारिया, वीरा मेघा माहेश्वरी, वीरा रेखा गुगनानी, वीरा सुनीता गुगनानी, वीरा मीनाक्षी लुहाडिया, वीरा श्रुति रांका, वीरा वंदना पगारिया, वीरा शर्मिला पारख आदि उपस्थित थे।



# महिलाओं का योग शिविर संपन्न

बैतूल। परिवार की देखरेख की पूरी जिम्मेदारी महिला की होती है। ऐसे में वह अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करती है। वर्तमान में देखने में आ रहा है कि महिलाएं भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहीं हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो के द्वारा संचालित महिलाओं का दस दिवसीय योगाभ्यास जैन मंदिर गंज में संपन्न हुआ। योग शिक्षिका श्रीमती चंदन शाह ने कहा कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार वैज्ञानिक प्रमाण बताते हैं कि योग से तनाव और मानसिक स्वास्थ्य में राहत मिलती है ब्यूरो की राष्ट्रीय सचिव मीना खंडेलवाल ने बताया कि योग करने से मांसपेशियों में खिंचाव होता है जिससे मांसपेशियों के दर्द से छुटकारा मिलता है। पाचन तंत्र मजबूत होने के साथ चर्बी को कम करता है। योग शिविर में संध्या भार्गव, तोषी खंडेलवाल, हर्षा हिरानी,रानी आहूजा,गीता आहूजा, रूपा भवनानी, सुनीता आटलानी, कृष्णा अटलानी, किरण तलरेजा, उमा हिरानी, सुनीता कटियार,हर्षा सतीजा, फरीदा, अनु हिरानी, कोमल मोटवानी, प्रीति मिश्रा, शोभा हिरानी, हंसा शाह, कीर्ति वर्मा, प्रीति मिश्रा, प्रीति ओसवाल, मनीषा खंडेलवाल, रिया सोनी आदि महिलाओं ने सहभागिता की।

# पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

## झगड़े में पति ने किया था पत्नी के सिर पर एटा से वार



मुलताई। थाना साईंखेड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम पिसाटा मे रामसू सलामे द्वारा उसकी पत्नी मीरा सलामे के बीच मायके की जमीन क्यों नहीं ले रही बात को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना बड़ा की पति सलामे ने पत्नी मीरा को थप्पड़, लकडी एवं ईंट से पीटना प्रारंभ कर दिया। पत्नी मीरा सलामे को सिर में चोट लगने से मीरा बेहोश होकर नीचे जमीन पर गिर गयी थी जिसे उसके परिजनों द्वारा एंबुलेंस से मुलताई अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा मृत बताया । मर्ग जाँच से आरोपी रामसू पिता गोमजी सलामे उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम चकोरा थाना आठनेर जिला बैतूल हाल ग्राम पिसाटा थाना साईखेडा के द्वारा उसकी पत्नी मीरा सलामे को हाथ मुक्के व लकड़ी और ईंट से मारपीट करने से सिर में आयी चोटो से मृत्यु होना पाया गया जो आरोपी रामसू के विरुद्ध केस कायम कर विवेचना में लिया और आरोपी रामसू सलामे को गिरफ्तार किया।

# अतिक्रमण हटाया तो बेरोजगार युवाओं ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**जेएच कॉलेज के सामने का मामला**



जिले के सबसे बड़े कॉलेज जयवंती हाक्सर महाविद्यालय के सामने से अतिक्रमण हटाए जाने के बाद से वहां के युवक बेरोजगार हो गए हैं जिसके चलते वह काफी परेशानी और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं अतिक्रमण हटाने के बाद उनके सामने उनके जीवन जीने के लिए एक बहुत बड़ा संकट आ गया है।

अतिक्रमणकारियों में शासन प्रशासन से मांग कि है कि वह उन्हें उचित स्थान देकर उन्हें रोजगार देने का काम करें जिसको लेकर कई बार ज्ञापन भी दिए गए। परंतु प्रशासन में कोई सुनवाई नही हुई नहीं और तेज बारिश को नजरअंदाज कर आखिरकार युवक कॉलेज के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। अनिश्चितकालीन हड़ताल की खबर देखकर देर रात कांग्रेस नेत्री प्रेरणा शर्मा धरना स्थल पहुंची और युवाओं का दर्द सुना और समझा। वहीं अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा शासन प्रशासन और नेताओं को बेरोजगार करने से पहले रोजगार देने की सोच रखना चाहिए आज की युवा पीढ़ी को इस तरह बेरोजगार करना गलत है। रसूखदारों के अतिक्रमण पर तो प्रशासन का बुलडोजर कभी नही चलता सिर्फ निःसहाय बेरोजगारों को ही इस अतिक्रमण का शिकार बनाया जाता है जो कि सरासर गलत है ।

## ठेका पर कराई जा रही है 8 नालों की सफाई

# नपा ने प्रारंभ किया वर्षा पूर्व सफाई अभियान



**मुलताई।** नगर पालिका वर्षा पूर्व सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया है जिसके तहत नगर के सभी गंदे पानी के नाले एवं ताप्ती से जुड़े जलमार्गों का सफाई की जानी है। नगर पालिका यह सफाई अभियान दो माध्यम से कर रही है। पहला नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की टीम एंव दूसरा ताप्ती से जुड़े जलमार्गो की सफाई का ठेका देकर। वर्षा पूर्व सफाई स्वच्छता अभियान प्रभारी संतोष शिवहरे ने बताया कि नगर पालिका अधिकारी आर के इवनाती द्वारा दिए गए आदेश के तहत संपूर्ण नगर में जल मार्ग एवं नालो की सफाई का कार्य अभियान के तहत प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके तहत नगर के विभिन्न गंदे नालो की सफाई की जा रही है। आज नगर पालिका कर्मचारियों की टीम ने शास्त्री वार्ड के पुराने जनपद कार्यालय के पिछले भाग में बने झोपड़पट्टी के बड़े नाले की सफाई की इसके साथ ही राजीव गांधी वार्ड में बीरूल रोड एवं ताप्ती वार्ड के स्टेशन रोड पर नगर पालिका के कर्मचारियों ने सफाई कार्य किया।

### ताप्ती से जुड़े आठ जल मार्गो की होगी सफाई

*नगर पालिका सफाई प्रभारी संतोष शिवहरे ने बताया कि वर्षा पूर्व सफाई एवं स्वच्छता अभियान नगर पालिका कर्मचारियों के साथ ही निजी लोगों को ठेका देकर भी कराया जा रहा है। जिसके तहत ताप्ती जल मार्ग सहित नगर के आठ नालों को निजी ठेके के माध्यम से सफाई अभियान में जोड़ा गया है जिसका प्रारंभ गुरुवार से ताप्ती जल मार्ग की सफाई से किया जाएगा। जिन निजी लोगों को सफाई का ठेका दिया गया है नगर पालिका इसकी मॉनीटरिंग भी करेंगी और वह देखेंगे की ठेकेदार द्वारा सही तरीके से सफाई अभियान को अंजाम दिया जा रहा है अथवा नहीं।*

# कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में चोर, एक लाख की बाइक जब्त

**सीहोर।** थाना कोतवाली अन्तर्गत फरियादी गौरव यादव पिता कमल यादव निवासी छोटी ग्वालटोलीगंज सीहोर ने थाना कोतवाली पर रिपोर्ट किया कि 19 जून को रात्रि करीबन 10 बजे मैं अपनी मोटरसाइकिल सैकड़ा खेड़ी जोड़ के आगे इंदौर भोपाल हाईवे पर स्थित जीतू के ढाबे पर खाना खाने गया था। मोटरसाइकिल को ढाबे के सामने खड़ी कर खाना खाने अंदर चला गया खाना खाकर करीबन 10:30 बजे वापस आया तो देख मेरी मोटरसाइकिल खड़े किए स्थान पर नहीं दिखी आसपास तलाश किया कोई पता नहीं चल मेरी मोटरसाइकिल को कोई चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस ने तलाश सीसीटीवी कैमरो की मदद एवं मुखबिर के आधार पर संदेही इमरान खान पिता वाहिद खान ग्राम रोला को पकड़ा।

### संभागीय ऑब्जर्वर ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

सीहोर। मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2024 का 23 जून को जिला मुख्यालय के 06 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए सुचारू संचालन के लिए सेवा निवृत आईएएस डॉ अशोक कुमार भार्गव को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। डॉ भार्गव ने आज सीहोर जिला मुख्यालय स्थित सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डॉ. भार्गव ने सभी केन्द्राध्यक्षों को विद्युत तथा पेयजल की सतत आपूर्ति के साथ ही परीक्षा कक्ष में पर्याप्त रोशनी, पंखे, बैठक व्यवस्था, कन्ट्रोल रूम, सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं लोक सेवा आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## इस सत्र में एक भी छात्र ने नहीं लिया स्कूल में एडमिशन

# 7 साल से नहीं है जिले के एकमात्र उर्दू स्कूल में उर्दू का शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/मुलताई

मुलताई के नाका नंबर एक पर स्थित जिले का एकमात्र उर्दू स्कूल में उर्दू शिक्षक नहीं है जिसके कारण इस सत्र में कक्षा पहली में एक भी एडमिशन नहीं हुए है जिसको लेकर पलकों में भारी रोष है। पालको का कहना है कि स्कूल में पिछले कई वर्षो से उर्दू विषय पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं है। ऐसे में पालक बिना शिक्षक के अपने बच्चो का हिंदी उर्दू स्कूल में दाखिल नहीं कराना चाहते। स्कूल चले हम अभियान के तहत आज उर्दू हिंदी स्कूल में हाजी शमीम खान एवं भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला कोषाध्यक्ष जाफर पटेल के मुख्य अतिथि में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हुआ जब पालको ने उर्दू स्कूल में उर्दू शिक्षक की नियुक्ति नहीं होने की जानकारी मुख्य अतिथियों को दी तो जाफर पटेल ने फोन पर इस समस्या से विधायक चंद्रशेखर देशमुख को अवगत कराया। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने तत्काल फोन पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से शिक्षक नियुक्ति के संबंध में चर्चा की और इस समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया।



### 2017 के बाद से नहीं है, उर्दू स्कूल में उर्दू पढ़ाने के लिए शिक्षक

बुधवार को आयोजित स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत अतिथियों द्वारा हिंदी उर्दू स्कूल में स्कूली बच्चों को किताबो का वितरण भी किया। जिसके बाद स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष अजीजुर रहमान खान, पालक साजेदा बेगम, शाहिदा बी, शकीला आदि में स्कूल में उर्दू शिक्षक नहीं होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया की 2017 के बाद से स्कूल में स्थाई तौर पर उर्दू शिक्षक नहीं है। पालकों की मांग और दो वर्षो के लिए एक शिक्षक को अटैच किया गया था। वहीं पिछले सत्र ने भी पालकों ने जमकर हंगामा किया था, जिसके बाद आनन फानन में अस्थाई शिक्षक की व्यवस्था की गई थी।

### विधायक ने की बीईओ से फोन पर चर्चा

पालकों की बात सुनकर प्रेरक तत्काल बीईओ कार्यालय पहुंचे और उनसे चर्चा की विधायक देशमुख ने बीईओ से फोन पर इस संबध में चर्चा की उन्होंने जल्द से जल्द उर्दू शिक्षक की नियुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। वहीं जाफर पटेल द्वारा स्कूली गरीब बच्चों को स्कूल ड्रेस के लिए आर्थिक मदद दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रभारी प्रधान पाठिका वर्षा खेरे, शिक्षक दिनेश नागले, पुष्पा रघुवंशी, सोलत जहां सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### इनका कहना

उर्दू स्कूल में उर्दू शिक्षक की नियुक्ति को लेकर डीओ ने भी 6 माह पूर्व प्रतिवेदन आगे बढ़ाया है। आज विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने भी चर्चा की है शीघ्र ही उर्दू शिक्षक की पदस्थापना होगी।

**आशीषचंद्र शर्मा,** बीआरसी मुलताई

### रेल्वे स्टेशन गुरमखेड़ी के पास सड़क की खुदाई के लिए टूटी पानी सप्लाई लाइन

# दो ठेकेदारों के विवाद से परेशान ग्रामीण लोग स्वयं सुधार रहे हैं नल कनेक्शन

पीपल चौक से रेलवे स्टेशन गुरमखेड़ी को जोड़ने वाली नवनिर्मित सड़क की खुदाई में टूटे अनेक नल कनेक्शन कई टूटे कनेक्शन गिट्टी की फीलिंग में दब गए पेयजल के लिए कुछ कनेक्शन को ग्रामवासी स्वयं सुधार रहे हैं सड़क निर्माण एवं जल जीवन मिशन के ठेकेदारों का लापरवाही पूर्ण रवैया जिसका खामियाज़ा भुगत रहे ग्रामवासी।





हरिभूमि न्यूज ▶▶सेमरीहरचंद

रेलवे स्टेशन गुरमखेड़ी से पीपल चौक को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण आरंभ से ही अव्यवस्थित एवं लापरवाही पूर्ण तरीके से किया जा रहा है पूर्व में भी सड़क की खुदाई के दौरान ग्राम वासियों के अनेक नल कनेक्शन तथा पाइपलाइन के साथ तोड़फोड़ हुई थी जिससे लंबे समय तक ग्रामवासी परेशान रहे वर्तमान में भी रिहाइशी क्षेत्र की साइड खुदाई में ग्राम वासियों के नल कनेक्शन शहीद हो गए खुदाई के बाद गिट्टी की फिलिंग के काम में अनेक नल कनेक्शन दब गए हैं जो बाद में परेशानी का सबब बनेंगे कुछ नल कनेक्शन ग्रामवासी स्वयं अपने हाथों से सुधार रहे हैं इस संबंध में पूर्व में पी एच ई के अधिकारी से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया था कि दोनों ठेकेदारों से बात हो गई है ग्राम वासियों को पेयजल की समस्या नहीं आएगी और टूटे नल कनेक्शन जोड़ दिए जाएंगे। अपने स्वयं का नल कनेक्शन सुधार रहे ग्राम वासी प्रमोद ठाकुर से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण आरंभ से दो-तीन बार हमारा नल कनेक्शन टूट गया एक ठेकेदार की जेसीबी आती है कनेक्शन तोड़ कर चली जाती है हम उसमें सुधार कार्य करते हैं तो कुछ दिन बाद दूसरे ठेकेदार की जेसीबी से नल कनेक्शन टूट जाता है समस्या का समाधान नहीं होने पर मजबूरी में हम अपना कनेक्शन स्वयं सुधार रहे हैं। यह बात सही है कि विकास कार्यों में थोड़ा बहुत नुकसान जनता को उठाना पड़ता है परंतु यह नुकसान बार-बार हो तो यह लापरवाही की श्रेणी में आता है और इस पर प्रशासन एवं क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों द्वारा निर्माण कार्यों एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं पर नजर रखते हुए विकास के कार्य सुव्यवस्थित तरीके से हों ऐसी क्षेत्र की जनता की अपेक्षा है।

# प्रत्येक युग में रचित साहित्य सुदृढ़ भविष्य की पूंजी होता है: मंत्री उदयप्रताप सिंह

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद की दो दिवसीय संगोष्ठी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोहागपुर



प्रत्येक युग में रचित साहित्य सुदृढ़ भविष्य की पूंजी होता है। उक्त बात अखिल भारतीय साहित्य परिषद की संगोष्ठी के उद्घाटन कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री मप्र शासन राव उदयप्रताप सिंह ने शनिवार को कही। आयोजन भाऊसाहब भुस्कुटे न्यास गोविंद नगर में शनिवार से प्रारंभ हुआ। अखिल भारतीय साहित्य परिषद प्रांताध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव एवं प्रदेश महामंत्री आशुतोष शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी का आयोजन मध्य भारत प्रांत के साहित्य का प्रदेय विषय पर किया गया है। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. ऋषि कुमार मिश्रा उपस्थित थे। अन्य अतिथि के रूप में गाडरवारा नपाध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा उपस्थित थे। मांडवी सिंह ने परिषद गीत मांडवी सिंह ने तथा स्वागत उद्बोधन प्रांताध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव ने प्रस्तुत किए।

मुख्य वक्ता डॉ. ऋषि कुमार मिश्रा ने कहा कि साहित्य अंतर्भाव का प्रादुर्भाव करता है तथा यह मानव अंतर्चेतना को सुप्त नहीं होने देता है। नर्मदापुरम संभागीय संयोजक कीर्ति वर्मा एवं जिलाध्यक्ष सौरभ यादव सूर्य ने बताया कि संगोष्ठी में मध्य प्रांत के 16 जिलों से 90 से अधिक साहित्यकार सम्मिलित हुए हैं। उद्घाटन सत्र का संचालन आशुतोष शर्मा ने किया। कार्यक्रम में नर्मदापुरम क्षेत्र के साहित्यकारों हरीश पांडे, पवन सराठे, नवीन हरियाले, सुभाष यादव, माखन मालवीय, आरती शर्मा आदि ने सहयोग किया।

### समाज को देना मायने रखता है: मंत्री पटेल

आयोजन के प्रथम दिवस शाम लगभग 4:30 बजे मध्य प्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित हुए। आयोजन को संबोधित करते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि मायने यह नहीं रखता कि साहित्यकार को कौन सा सम्मान मिला है, अपितु यह मायने रखता है कि साहित्यकार ने समाज को दिया क्या है। पटेल ने कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद राष्ट्र चेतना का कार्य कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

### हुए तीन तकनीकी सत्र

उद्घाटन सत्र उपरांत तीन सत्र हुए। प्रथम सत्र में वक्ताओं कीर्ति वर्मा, ध्रुव शर्मा, पुष्पक देशमुख एवं लोकेश तिवारी ने जान्हवी नायक के संचालन में आलेख वाचन किया। मुख्य वक्ता इंदुशेखर तत्पुरुष ने संगोष्ठी को लोकजीवन से जोड़ने वाला प्रयास कहा। द्वितीय सत्र में पुष्पक देशमुख के संचालन में ममता बाजपेयी, पुरू शर्मा, अभिषेक जैन व सुधीर गुप्ता ने आलेख वाचन किया। मुख्य वक्ता अशोक जमनानी ने मप्र के साहित्यकारों के राष्ट्रवाद को प्रदाय पर बात रखी। तृतीय सत्र में अमित बिल्लौरे के संचालन में सुनीता यादव, प्रदीप अवस्थी, ऋषिकेश भार्गव एवं डॉ. महिमा तारे ने आलेख वाचन किया।

# अतिक्रमणकारी बताकर हटाए गए दुकानदार मिले आला अफसरों से

### तिलक सिंदूर के विकास की योजना तैयार है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी

तिलक सिंदूर मंदिर में पूजा-अर्चना करने आने वाले भक्तों के लिए पूजन सामग्री की दुकान लगाने वालों को वन विभाग ने अतिक्रमणकारी बताकर हटा दिया है। उनके अस्थायी डेरों को तोड़ दिया जिससे ये गरीब दुकानदार अपना धंधा नहीं कर पा रहे हैं। कुछ दिनों बाद श्रावण मास लगने वाला है, जब इनका कामकाज ठीक चलता है, ऐसे में अपनी चिंता से आला वन अधिकारियों को अवगत कराने इन दुकानदारों ने डीएफओ से मुलाकात की। इन लोगों ने कलेक्टर को भी अपनी पीड़ा सुनाई। दोनों अधिकारियों से उनको सकारात्मक सहयोग का आश्वासन मिला है। उल्लेखनीय है कि तिलक सिंदूर का मंदिर जंगल में बना है और यहां लगभग हर रोज भक्त पहुंचते हैं। रविवार, सोमवार और शिव के त्योहार महाशिवरात्रि, श्रावण मास में यहां बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। उन भक्तों को पूजन-सामग्री उपलब्ध कराने अस्थायी तौर पर लकड़ी, तिरपाल आदि से कुछ गरीबों ने दुकानें लगा ली थीं, जिन्हें वन विभाग ने अतिक्रमणकारी बताकर हटा दिया है। अब इनके सामने परिवार चलाने का संकट आ गया है। कलेक्टर और डीएफओ से मिले ये सभी दुकानदार डीएफओ मयंक सिंह गुर्जर से मिलने पहुंचे जहां उन्होंने अपनी बात रखी। दुकानदारों ने बताया कि हम लोग तिलक सिंदूर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नारियल प्रसाद की दुकान लगाते हैं जिससे हमारा रोजगार चलता है। कुछ दिनों पहले वन विभाग के अधिकारी ने दुकान अवैध कहकर तोड़ दी है जिससे हम काफी परेशान हैं। दुकानदारों का कहना है कि हम लोग अस्थाई रूप से दुकान लगाकर रखे हुए थे। हमारे लिए कुछ ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे हम लोग परेशान ना हों। कुछ दिनों बाद सावन का महीना चालू होने वाला है, जिसमें लाखों हजारों श्रद्धालु पूजा-अभिषेक करने आते हैं। डीएफओ आश्वासन दिया है जल्दी ही, एक सप्ताह के अंदर एक बैठक तिलक सिंदूर में की जाएगी, किसी भी दुकानदारों को वहां से भगाया नहीं जायेगा।

### कलेक्टर ने बताई विकास योजना

कलेक्टर सोनिया मीना से तिलक मंदिर के विकास के विषय में आदिवासी प्रतिनिधियों ने चर्चा की। कलेक्टर ने बताया है कि तिलक सिंदूर को डेवलपमेंट की जरूरत है जिसकी फाइल बना ली गई है जिसको भोपाल भेज दिया जाएगा। बहुत जल्दी तिलक सिंदूर मंदिर, प्रांगण का कार्य को पूरा किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में तिलक सिंदूर समिति के अध्यक्ष नारायण बावरिया, सरपंच डोरीलाल चीचाम, वन समिति अध्यक्ष विनोद वारिवा, गोवर्धन कलमे, सुधाराम कलमे, रामसिंह नागले, दीपक बाबरिया, सुखवती कलमे, प्रीति तुमराम, आरती कास्दे, प्रेमवती विसन, अविनाश आदि उपस्थित थे।

# कैसे चले हम स्कूल? जब रास्ते में कीचड़ भरपूर, बच्चे हो रहे परेशान

### बांसखापा हाई स्कूल पहुंच मार्ग न बनने से भवन अस्तित्व विहीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोहागपुर



किसी इमारत के बनाने के पहले सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर स्ट्रक्चर तैयार किया जाता है। लेकिन सोहागपुर जनपद अंतर्गत कई शासकीय इमारतें ऐसी हैं जहां पहुंच का मार्ग पक्का नहीं बनाया गया है । इस स्थिति में सरकार द्वारा खर्च किए गए जनहित में करोड़ो रुपए की उपयोगिता नगण्य हो जाती है। सोहागपुर जनपद की बांसखाफा ग्राम पंचायत में शासकीय हाई स्कूल तो बनाया गया है लेकिन मुख्य मार्ग से हाई स्कूल की बिल्डिंग तक पहुंच का रास्ता कच्चा होने से बारिश के दिनो मे छात्र और शिक्षक बेहद परेशान होते हैं। बरसात के दिनो मे उक्त स्कूल का आलम ये होता है कि वहां से स्कूल माध्यमिक शाला में अस्थाई रूप से शिप्ट करके किसी तरह से अध्यापन कार्य कराया जाता है। प्राचार्य प्रीतम अहिरवार ने बताया कि गत वर्ष अनुसार 147 दर्ज संख्या थी और इस वर्ष संख्या और बढ़ेगी तो माध्यमिक विद्यालय के सीमित कक्षों में हमे छात्रों को पढ़ाने पर मजबूर होना पड़ता है ।

### कैसे जाएं स्कूल?

सरकार की योजना के अंतर्गत हर छात्र को स्कूल से जोड़ना है और सरकार और जन प्रतिनिधि सभी के प्रयासों से ये सम्भव भी हुआ है लेकिन ऐसी स्थिति में जहां रास्ता ही नही है वहां छात्र कीचड़ नुमा रास्ते से कैसे स्कूल जायेंगे और स्कूल प्रबंधन यदि कोई जुगाड लगाकर माध्यमिक शाला में कक्षाएं संचालित भी कर लेते हैं तो क्या उनकी पढ़ाई व्यवस्थित तरीके से हो पा रही होगी ?

### जवाबदारों से संपर्क नही होने पर एसडीएम ने भरोसा दिया

बांसखापा हाई स्कूल के पहुंच मार्ग को लेकर बीते वर्ष भी खबर हरिभूमि में प्रमुखता से लगाई गई थी लेकिन 1 वर्ष में कोई कार्य नहीं हुआ। वर्तमान समय में मानसून की पहली बारिश में ही मार्ग अवरोधित हुआ जिसकी जानकारी लेने के लिए क्रमशः सचिव ( स्विच ऑफ) , सरपंच (फोन ही नही है), सरपंच प्रतिनिधि (अनुपलब्ध), डीईओ सर नर्मदापुरम और सीईओ सर जनपद पंचायत सोहागपुर ( कॉल रिसीव नही किए)। इस स्थिति में एसडीएम बृजेंद्र रावत ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए सीईओ को अवगत कराएंगे।

# नवनिर्वाचित सांसद का नगर में किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



विधानसभा क्षेत्र से पहली बार किसान नेता को सांसद चुना गया है सांसद चुनने के के बाद दर्शन सिंह चौधरी का नपा एवं विधायक ग्रुप के द्वारा नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक विरोधी ग्रुप की अनुपस्थित चर्चा में रही। सांसद दर्शन सिंह चौधरी का सामाजिक संस्थाओं के द्वारा बारी-बारी से पुष्प हार के साथ शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी, जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, जनपद अध्यक्ष संध्या सिंघारे, जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी एवं महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष जिला महामंत्री ममता नागवंशी, युवा मोर्चा के नगर एवं ग्रामीण अध्यक्ष किसान मोर्चा के नगर एवं ग्रामीण अध्यक्ष सहित संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वेयरहाउस कॉरपोरेशन दाल मर्चेंट एसोसिएशन कपड़ा व्यापार किराना व्यापारी सहित समाज सेवी संगठनों ने सांसद विधायक एवं जिला अध्यक्ष का सम्मान किया। वहीं बलराम ठाकुर ने संसद का परिचय दिया गया। नपाध्यक्ष नीना नागपाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने तथा विभिन्न विकास कार्यों की बात पर भी जोर दिया। वहीं पर संसद दर्शन सिंह चौधरी ने पिपरिया के लिए फोर लेन देने का आश्वासन दिया। वहीं पर डोकरी खेड़ा डैम का काम करने का भी आश्वासन दिया उन्होंने मंच से स्पष्ट कहा कि वह अच्छे कामों के लिए झुकना जानते हैं तो गलत कामों के लिए वह किसी के साथ नहीं है। इस दौरान अरविंद राय, पवन वालिया, सीएमओ आरपी नायक आदि मौजूद रहे।

# सांसद ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बनखेड़ी




बनखेड़ी के दुर्गा मंदिर पुराना बाजार में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद बनखेड़ी के 2 करोड़ 7 लाख 42 हजार 384 के कार्यों का भूमि पूजन क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने किया। बनखेड़ी में सर्वाधिक मतों से विजयी बूथ अध्यक्ष को पुष्पमाला पहनकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद ने उपस्थित जनता जनार्दन का हृदय से अभिनंदन करते हुए कहा कि संपूर्ण विधानसभा में विजय प्राप्त हुई है लेकिन आप सब ने सर्वाधिक मतों से विजय दिलाई है जिसके लिए में सदैव आपका ऋणी रहूंगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, हरीश मालानी, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश सोनी, राजेश महेश्वरी, हेमराज मुख्तियार, सतपाल पलिया, वाचावानी ग्राम पंचायत सरपंच नमिता संतोष पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेघर ग्रामवासियों को मिले आवासीय भूखंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶सेमरीहरचंद



ग्राम के ऐसे निवासी जिनके पास रहने के लिए स्वयं का कहीं कोई आवास नहीं है ऐसे पात्र ग्राम वासियों को मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना अंतर्गत ग्राम आमगांव में 22 हितग्राहियों को 4 ×12 वर्ग मीटर के आवासीय भूखंड प्रदान किए गए इस संबंध में पटवारी हल्का अमित श्रीवास्तव से बातचीत करने पर उन्होंने जानकारी दी की ग्राम के ऐसे ग्रामवासी जिनके पास राशन की पात्रता पर्ची है और उनके रहने के लिए कोई आवास तथा कोई भूखंड नहीं है ऐसे 22 पात्र हितग्राहियों को ग्राम आमगांव में आवासीय भूखंड मुख्यमंत्री आवास भू अधिकार योजना अंतर्गत प्रदान किए गए हैं। आवासीय भूखंड वितरण के दौरान ग्राम के सरपंच चेतन मीना सचिव नगेंद्र सराठे पंच आदिल खान पटवारी हल्का अमित श्रीवास्तव पटवारी राकेश तिवारी पटवारी प्राची ककोडिया एवं योजना के लाभार्थी हितग्राही उपस्थित थे।

### पार्षद अमित विश्वास ने बचाई 10 वृक्षों की जान, नपाध्यक्ष ने की सराहना

# नाली निर्माण के बीच आ रहे वृक्षों को किया ट्रांसप्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



आपने देखा और सुना होगा कि रोड, नाली, भवन निर्माण के बीच में आ रहे पेडों को बेदर्दी से काट दिया जाता है, लेकिन इटारसी नगरपालिका के वार्ड 11 में वृक्ष नहीं काटे जा रहे, बल्कि ट्रांसप्लांट करके उनको बचाया जा रहा है। वार्ड 11 बंगाली कॉलोनी में नाली निर्माण के बीच में 10 से अधिक बड़े वृक्ष आ रहे थे, जिन्हें ट्रांसप्लांट किया जा रहा है। यहां के पार्षद अमित विश्वास यह कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जेसीबी के माध्यम से पेड़ों को जड़ सहित बाहर निकलवाया और जेसीबी से बड़े गड्ढे कराकर उनमें पेड़ों को ट्रांसप्लांट कराया। कार्य को प्रोत्साहन देने नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे पहुंचे।

उनकी मौजूदगी में पेड़ जेसीबी से निकाले और दूसरे गड्ढे में रिप्लांट किए। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि पार्षद ने सराहनीय कार्य किया है। यहां स्वयं के खर्च पर पार्षद ने पेड़ों को रि प्लांट किया है। वह बधाई के पात्र हैं और समाज को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। पार्षद अमित विश्वास ने कहा कि पेड़ों को रिप्लांटेशन करना काफी सुखद रहा। सभी पेड़ों को हमनें बंगाली कॉलोनी के पार्क में लगा दिया है, यहां सभी नागरिक मिलकर उनकी देखरेख भी करेंगे। उनका कहना है कि हालांकि पेड़ों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर रि प्लांट करने की प्रक्रिया अवैज्ञानिक थी, लेकिन हम पेड़ों को जिंदा रखने के लिए पूरे प्रयास करेंगे।

रिप्लांटेशन के दौरान पार्षद शुभम गौर, राहुल प्रधान, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया सहित अन्य मौजूद थे। इटारसी में पहले भी हो चुके हैं प्रयोग भारतीय रेलवे ने रेलवे स्टेशन बारह बंगला की तरफ हो रहे निर्माण के दौरान बडी संख्या में बड़े वृक्षों को ट्रांसप्लांट किया। सामाजिक संस्थाओं ने पुलिस कॉलोनी निर्माण के दौरान बीच में आ रहे बडे वृक्षों को ट्रांसप्लांट किया। अटल पार्क में एक बरगद के वृक्ष को ट्रांसप्लांट किया गया था जो अभी भी जीवित है।

# साकेत के किसानों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी

ग्राम साकेत के किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल आज विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा से मिला और समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी केंद्र शुरू करने की मांग की। किसानों ने विधायक डॉ. शर्मा को बताया कि ग्राम साकेत में खेड़ापति माता मंदिर के पास रेलवे पुल के नीचे पानी जमा होने की गंभीर स्थिति बनती है। विधायक ने स्वयं दो दिनों के अंदर आकर निरीक्षण करने के लिए आश्वस्त किया।

किसानों ने ग्राम से लेकर खेड़ापति माता मंदिर तक बिजली व्यवस्था हेतु केबल की राशि स्वीकृत करने के लिए आवेदन दिया। विधायक डॉ. शर्मा ने तत्काल आवेदन स्वीकार कर जल्द ही केवल लाइन डलवाने के लिए आश्वस्त किया।

## सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट की तो सोहेल पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶शोभापुर

शोभापुर गांव वैसे सम धर्म समभाव के लिए जाना जाता है। यहां ईद और रोजे पर हिंदू लोगो द्वारा मुस्लिम समाज के लोगो को बधाई देते हुए सुना गया है और आगे भी सुना जायेगा लेकिन कुछ असमाजिक तत्वों के कारण शोभापुर की फिजा में लगे चार चांद पर दाग नजर आने लगा है वो दोनो पक्षों से हो सकते हैं। हाल ही में शनिवार के दिन शोभापुर के युवक द्वारा सोशल मीडिया पर गोमाता की फोटो के साथ कैप्शन में कुछ अपत्तिजनक शब्द लिखने के बाद शोभापुर का माहौल थोड़ा गरमाया लेकिन थाना प्रभारी कंचन ठाकुर की सूझबूझ के चलते मौके को भांपते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले युवक सोहेल खान पिता हनीफ खान के विरुद्ध विरुद्ध कायमी हो हुई।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को नशे के दुष्परिणाम बताए



**भीकनगांव।** एसडीओपी व थाना प्रभारी द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों को नशे के लक्षण और दुष्परिणाम से अवगत किया।

### शिकायतों के निराकरण के मामले में जिला नंबर 1 पर

**हरदा।** प्रदेश स्तर पर सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के मामले में प्राप्त वेटेज स्कोर के आधार पर हरदा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि 1 से 31 मई के बीच प्राप्त शिकायतों के निराकरण के आधार पर शासन स्तर से जिलेवार रैंकिंग जारी की गई है। जिसमें हरदा जिले का वेटेज स्कोर 81.45 रहा है, और जिले को ए ग्रेड प्राप्त हुई है। जबकि द्वितीय स्थान पर 80.91 वेटेज स्कोर के साथ बड़वानी जिला रहा है तथा 80.17 वेटेज स्कोर के आधार पर अलीराजपुर जिला तृतीय स्थान पर रहा है। इसके अलावा शासन स्तर से सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गयी। पुलिस की जिलेवार ग्रेडिंग मे हरदा जिला ए ग्रेड प्राप्त कर प्रदेश में तृतीय स्थान पर रहा है। हरदा जिले का वेटेज स्कोर 86.12 है। प्रथम स्थान पर प्रदेश का पांढुरना जिला रहा है, जबकि द्वितीय स्थान पर अनूपपुर जिला रहा है।

### महिलाओं और बच्चों का संयुक्त सर्वे अभियान जारी

**हरदा।** महिलाओं एवं 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य सहित समग्र विकास के लिए जिला प्रशासन विशेष अभियान प्रारंभ करने जा रहा है। इस अभियान के तहत बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य तथा महिलाओं के स्वास्थ्य व स्वरोजगार सहित उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा तथा शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने का प्रयास किया जाएगा। इस अभियान के लिए जिले के चयनित 50 ग्रामों में महिला बाल विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के मैदानी अमले द्वारा संयुक्त सर्वे कर हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जा रहा है।

### गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं को अस्थाई रूप से जोड़ा

**हरदा।** श्रीनिवास भारत गैस एजेंसी खिरकिया के रहवासी क्षेत्र में गोडाउन स्थित होने पर गैस एजेंसी के रिफिल सप्लाई को 19 जून से निलंबित किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी हरदा ने बताया कि एलपीजी गैस सिलेंडर की निरंतर आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं के कनेक्शन को दो गैस एजेंसी प्रभा भारत गैस एजेंसी हरदा तथा एसआर भारत ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी सिराली पर अस्थाई रूप से संलग्न किया गया है।

### दो स्थानों से बाइक चोरी दर्ज कराई शिकायत

**बुरहानपुर।** दो स्थानों पर बाइक चोरी की वारदातें हुई। पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है। दादाराव पिता रूपचंद सावन निवासी दर्यापुर ने शिकायत की कि 18 जून को मेरी बाइक एमपी 68 एमएच 9509 से बोरसल जा रहा था। बोरसल फाटे के पास खड़ाकर परिचित के पास गया तभी शाम 5 बजे वापस आकर देखा तो बाइक नहीं मिली। काफी ढूंढने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। वहीं अक्षय पिता राजू महाजन निवासी खकनार ने शिकायत की कि मेरी बाइक एमपी 68 झेडसी 4028 गुप्तेश्वर मंदिर के पास से चोरी हो गई।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** शुक्रवार को मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने वृत हरदा के ग्राम कमताड़ा, बीड़, बैरागढ़ व खेड़ीपुरा तथा वृत्त खिरकिया के ग्राम दुलिया, कुड़ावा व महेंद्रगांव में दबिश देकर 28 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 650 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर 8 प्रकरण दर्ज किए।

---

## हरदा में आधा घंटे हुई जमकर बारिश, सड़कों पर भराया पानी

# आकाशीय बिजली गिरी एक की मौत छुट्टी पर आया जवान हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले में शनिवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं छुट्टी पर आया एक सीआरपीएफ का हेड कांस्टेबल घायल हो गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम हीरापुर के पास एक किसान के खेत में पोल लगाने के लिए मिस्त्री का काम कर रहे माखन पिता गोवर्धन गहलोद (45) साल निवासी ग्राम हीरापुर काम कर रहा था।इस दौरान गरज चमक के साथ हुई तेज बारिश के चलते खेत पर काम कर रहे। सभी लोग एक पेड़ के नीचे आकर खड़े हो गए। इस दौरान अचानक आकाशीय बिजली उनके ऊपर गिर गई। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। जबकि जम्मू के बारामूला में सीआरपीएफ की 179 बटालियन में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल सुनील पिता नाथूराम विश्नोई (40) साल को एक हाथ और पैर में चोट आई है। बताया जा रहा है कि वह बीस दिनों की छुट्टी पर आया हुआ था और अपने खेत मे फेसिंग का काम करवा रहा था। शनिवार शाम को मृतक माखन गहलोत के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया है।



शनिवार को दोपहर में हरदा जिले में करीब आधा घंटे तक झमाझम बारिश हुई। जिसके कारण शहर की सड़कों और नालियों पर पानी भरा गया। हवा आंधी के कारण पानी गिरने से लोगों के घरों में भी पानी भरा गया। हरदा में पहली बार हुई झमाझम बारिश के चलते शहर की सड़कों पर नालियों के जाम होने से सड़कों पर पानी भरा गया। पहली बारिश के चलते लोगों ने सड़कों और छतों पर पानी में भीगकर आंनद उठाया। तेज बारिश के चलते शहर की सड़कों पर पानी भर गया। वहीं मिडिल स्कूल ग्राउंड पर पानी भराने से ग्राउंड तालाब में तब्दील हो गया। इसके चलते स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल से बाहर आने में परेशानी उठानी पड़ी।

### जिले में चौबीस घंटों में 4.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जिले में गत चौबीस घंटों में 4.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 1.3 मि.मी., टिमरनी में 8.2 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., रहटगांव में 11.4 मि.मी. व सिराली में 3.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 49.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 57.9 मि.मी., टिमरनी में 32.2 मि.मी., खिरकिया में 19.4 मि.मी., रहटगांव में 73.4 मि.मी. व सिराली में 65.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 22 जून तक 0.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

---

## वत्सला विहार में गड्ढों का सीसी रोड, रहवासियों ने लगाया घटिया रोड निर्माण का आरोप





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

वत्सला विहार कॉलोनी के रहने वाले लोगों ने शुक्रवार को शहर के कलेक्टर कार्यालय और निगम आयुक्त से शिकायत की है, क्योंकि उनकी कॉलोनी में बनाई गई सीसी रोड ने उन्हें परेशानी में डाल दिया है। करीब दो महीने पहले नगर निगम द्वारा सीसी रोड का निर्माण किया गया था, जिस पर लाखों रुपए का खर्च आया था। इस रोड को लेकर क्षेत्र के रहवासी प्रांजल मोरे, प्रदीप पटेल, मुकेश वर्मा, मुकेश कोगे, विशाल गुप्ता, शांतिलाल मंसोरे, पीके सिंह, राकेश वर्मा, और अर्जुनसिंह चौहान ने कलेक्टर कार्यालय में जाकर मौजूद एसडीएम बजरंग बहादुर सिंह को ज्ञापन के माध्यम से घटिया रोड निर्माण में धांधली और अच्छे से पुनः रोड का निर्माण हो और घटिया निर्माण पर कार्यवाही हो इस बाबद ज्ञापन सौंपा है । सूत्रों ने बताया की इस रोड को पेटी कांट्रेक्टर नंदन करोड़ी द्वारा बनाया गया हैं। रोड का निर्माण इतनी बुरी तरह से हुआ है कि 15 दिनों में ही इसमें गिट्टियां निकलने लगी हैं और अब यहां गड्ढे होने से निवासियों के लिए समस्या बन गई है। नगर निगम के कार्यपालन यंत्री और सबंधित इंजीनियर की अनदेखी से रोड़ का निर्माण घटिया हुआ हैं। और रोड निर्माण से गड्ढों के चलते रहवासी स्कूली बच्चों को खासी समस्याएं उठानी पड़ रही हैं।

रहवासी प्रांजल मोरे ने बताया कि यह रोड अब लोगों के लिए खतरा बन चुका है, बारिश सामने आ रही इसके मद्देनजर यहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अन्य रहवासियों का कहना है की इस रोड के निर्माण में घटिया क्वालिटी के मटेरियल का उपयोग हुआ है, परिणामस्वरूप 15 दिनों में ही रोड पर गिट्टियां निकलने लगीं। यह गड्ढों को बढ़ावा मिल रहा है और यहां जलभराव की स्थिति भी बनी जा रही है। जब रहवासियों ने इस समस्या की शिकायत की तो ठेकेदार डामर और डस्ट का उपयोग करके रोड की मरम्मत की तैयारी कर रहा है।

---

## विधायक कंचन तनवे ने जन जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**खंडवा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत जन जागरुकता रैली को खंडवा विधायक कंचन तनवे ने जिला अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद सिंह सोलंकी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार, और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी शामिल थे। रैली ने शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जिला अस्पताल में समापन किया। रैली में पोलियो और दस्तक अभियान के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए बैनर, तख्तियों और नारों का उपयोग किया गया। 23 जून को पोलियो बूथ पर और 24-25 जून को घर-घर जाकर जन्म से 5 वर्ष तक के 1,81,249 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिले में 1465 पोलियो बूथ और 2930 वैक्सीनेटर तैनात किए गए हैं। दस्तक अभियान के प्रथम चरण के तहत 25 जून से 27 अगस्त तक बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। सी.एम.एच.ओ. ने पालकों से 23 जून को बच्चों को पोलियो दवाई पिलाने की अपील की है।

---

## निर्मित स्वीमिंग पूल का महापौर ने किया निरीक्षण

# करोड़ों रुपए से प्रदेश का अच्छा स्वीमिंग पूल बनकर तैयार, शीघ्र होगा लोकार्पण

**खंडवा।** बड़े शहरों की तर्ज पर नगर निगम प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से स्विमिंग पूल का निर्माण सिविल लाइन क्षेत्र में किया गया है। संभवत यह प्रदेश का पहले इंदौर स्विमिंगपूल है जहां स्विमिंग के साथ प्रतियोगिता भी हो सकेंगी। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि स्वीमिंग पूल बनने में देर जरूर हुई है लेकिन अंधेर नहीं एक अच्छी क्वालिटी का स्वीमिंग पूल खंडवा में बनकर तैयार है। स्वीमिंग पूल कंप्लीट निर्माण को लेकर लगातार 1 वर्ष से महापौर अमृता यादव द्वारा अधिकारियों को शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए जा रहे थे, अब यह स्वीमिंग पूल बनकर तैयार है शीघ्र ही इसका लोकार्पण होगा। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद अब निगम प्रशासन महापौर अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन में विकास कार्यों की ओर अग्रसर है अब तेजी से खंडवा में विकास कार्य होंगे। एक और जहां वर्षा शुरू होने के पूर्व खंडवा के समस्त बड़े नालों में युद्ध स्तर पर सफाई का कार्य किया जा रहा है ताकि वर्षा काल में जल भराव की स्थिति न बने। महापौर अमृता अमर यादव एमआईसी सदस्यों निगम के अधिकारी कर्मचारियों के साथ दो दिनों से शहर में नालों में किये जा रहे हैं कार्यों को देखने पहुंच रही हैं, एवं साथ ही दिशा निर्देश भी दे रही हैं। महापौर अमृता अमर यादव ने लगभग 6 करोड रुपए की लागत से बने स्वीमिंग पूल का बड़ी बारीकी से अवलोकन किया एवं अधिकारियों से एक-एक बिंदु पर चर्चा की। इस अवसर पर महापौर अमृता यादव ने कहा कि इसके निर्माण में विलंब जरूर हुआ लेकिन एक अच्छी सौगात खंडवा को मिलने जा रही है जहा सभी सुविधा स्वीमिंग पूल में प्राप्त होगी, और तेराकी भी लोग सीख सकेंगे, बड़ों के साथ ही बच्चों के लिए भी छोटा स्विमिंग पूल बनाया गया है, ताकि बच्चे भी स्वीमिंग करना सीख सके, अच्छी लाइटिंग के साथ स्विमिंग पूल का बढ़िया निर्माण किया गया है। शीघ्र ही एम आई सी की बैठक में स्वीमिंग पूल के लोकार्पण एवं अटल सरोवर पर स्थित आदमकद अटल की प्रतिमा एवं स्थित वाटिका के लोकार्पण का निर्णय लेकर तारीख तय की जाएगी। महापौर अमृता यादव ने



बताया कि शहर के लिए दोनों सौगात बड़ी है, अतः प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भी लोकार्पण को लेकर समय लिया जाएगा ताकि उनके हाथों यह लोकार्पण हो सके। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि स्वीमिंग पूल के साथ महापौर अमृता यादव ने पूरी टीम के साथ बड़े नालों पर चल रहे कार्यों को भी देखा साथ ही अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए की वर्षा के सभी दलों की साफ सफाई हो जाए साथ ही एक माह के बाद गुरु पूर्णिमा का पर्व भी आ रहा है अतः दादाजी धाम के आसपास एवं आने वाले मार्गों पर नाले नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, स्विमिंग पूल के अवलोकन के समय महापौर अमृता अमर यादव के साथ सांसद प्रतिनिधि अमर यादव परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा एमआईसी सदस्य राजेश यादव सोमनाथ काले, विक्की बावरे, अनिल वर्मा, दिना पवार, प्रवक्ता सुनील जैन के साथ निगम आयुक्त नीलेश दुबे, उपायुक्त सचिन सितोले, कार्यपालन यंत्री एच आर पांडे, संतोष पांडे, राधेश्याम उपाध्याय एवं निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

---

## 572 विद्यार्थी होंगे शामिल

# जिले के दो सेंटरों पर होगी राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

**बुरहानपुर।** रविवार को मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन किया जाएगा। बुरहानपुर जिले में यह परीक्षा दो केंद्रों पर आयोजित होगी। इसमें 572 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 10 बजे से आयोजित होगी। अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान ने बताया परीक्षा के लिए दो सेंटर बनाए गए हैं। पहला सुभाष उत्कृष्ट स्कूल और दूसरा सावित्री बाई कन्या स्कूल है। सुभाष स्कूल में 272 विद्यार्थी परीक्षा देंगे जबकि सावित्री बाई फुले कन्या स्कूल में 300 विद्यार्थी शामिल होंगे। इसकी सारी तैयारियां प्रशासन ने पूरी कर ली है। यह परीक्षा 23 जून को सुबह 10 बजे से 12 बजे व दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक दो सत्रों में प्रदेश के 55 संभाग, जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है। इसे लेकर प्रशासन की ओर से सूचना जारी की गई है, जिसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया और कुछ अन्य प्रचार माध्यमों से निराधार भ्रामक खबरें प्रसारित हो रही है। परीक्षा की गोपनीयता और सुचिता के संबंध में हो रहे भ्रामक समाचारों को संज्ञान में लें। न ही प्रसारित करें। यह परीक्षा निर्धारित तिथि को तय समय पर ही दिशा निर्देश का पालन करते हुए आयोजित की जाएगी।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने मनाया योग दिवस

**खंडवा।** पंधाना प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा स्व. किशोरीलाल वर्मा महाविद्यालय के मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मातृशक्ति योग समागम और स्वयं एवं समाज के लिए योग विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ शाम 5.30 बजे हुआ, जिसमें सर्वप्रथम सभी को योगासन और प्राणायाम कराया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित परिचर्चा में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद खंडवा नगर महामंत्री हर्षा शर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की जीवन शैली का हिस्सा रहा है। महर्षि पतंजलि द्वारा रचित योग दर्शन भारतीय जीवन पद्धति को दर्शाने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। ब्रह्माकुमारी संस्था वर्षों से भारत की प्राचीन जीवन पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रही है।

---

## रोटरी क्लब ने हरदा में शुरू किया नेत्रदान सेंटर

# नेत्रदान में आंख का प्रत्यारोपण नहीं होताः डॉ तेजस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रोटरी क्लब द्वारा हरदा में नेत्रदान सेंटर का शुभारम्भ किया गया। गुर्जर बोर्डिंग के समीप सेंटर के शुभारम्भ अवसर पर इंदौर से आए डॉ तेजस मेहता ने नेत्रदान को लेकर होने वाले भ्रम को दूर करते हुए जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बहुत जरूरी है की समाज को नेत्रदान के लिए जागरूक और प्रोत्साहित किया जाय। नेत्रदान के बारे में अभी भी लोगों में ज्यादा जागरूकता नहीं है। लोगों को लगता की इस प्रक्रिया में पूरी आंख का प्रत्यारोपण किया जाता है, जबकि ऐसा नहीं है। दान की गई आंखों से केवल कॉर्निया नेत्रहीन लोगों में प्रत्यरोपित की जाती है। इस दौरान मंच पर मौजूद रोटरी क्लब की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ऋतू ग्रोवर, वरिष्ठ चिकित्सक आनन्द झवर, सिविल सर्जन डॉ मनीष शर्मा, सीएमएचो डॉ एच पी सिंह, डॉ पराग नाइक ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान रोटरी क्लब के अध्यक्ष संकल्प जैन ने बताया कि मृत व्यक्तियों द्वारा दान किए गए कॉर्निया को एकत्रित करने की सुविधा के लिए 247 रोटरी नेत्रदान केंद्र उपलब्ध है।




इसके लिए 91112-24567 पर कॉल प्राप्त होने के कुछ घंटों के भीतर दान किए गए कॉर्निया को एकत्रित करने के लिए एक प्रशिक्षित तकनीशियन टीम उपलब्ध है। आभार प्रदर्शन डॉ बद्री दोगने ने मानते हुए कहा कि उनका उद्देश्य है कि हरदा जिले के लोग जो नेत्र दान करना चाहते हैं, उनके लिए केंद्र स्थापित किया है। कार्यक्रम में सचिव सुकुमल जैन एवं सदस्य दीपक गुंजन, श्रीकांत तिवारी, कोशिक मिरानी, विभूति गौर, भावना गुर्जर, श्रुति तिवारी,भावेश अग्रवाल, सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## मध्यप्रदेश लेखक संघ की काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

# रंगबिरंगी तकलीफों में मेरा दर्द सुनहरा है : दुर्गेशनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश लेखक संघ जिला इकाई हरदा की मासिक गोष्ठी का आयोजन किसान भवन बाहेती कॉलोनी हरदा में हुआ। साहित्यकार शिरीष अग्रवाल के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में साहित्यकारों ने कविता पाठ किया।

गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ डॉ.प्रभुशंकर शुक्ल और अतिथि के रूप में अरविंद अग्रवाल व अशोक नेगी, उमेश शर्मा, ज्ञानेश चौबे उपस्थित रहे। कवि सुभाष सिटोके सरस्वती की वंदना से शुरुआत की। बालमुकुंद ओझा ने जीवन वृतांत को रचना के माध्यम से बताया, नवोदित युवा कवि सुभांक गुर्जर ने महाभारत के अभिमन्यु की वीरता पर ओज एवं शौर्यपूर्ण रचना सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। तारिक खानने उसने मुझको ही चुना माँ की खिदमत के लिए, डॉ मुकेश भद्रावले ने हाइकु छंद, नरेंद्र वर्मा ने सबको सनातनी आधार दे, बृजमोहन




अग्रवाल ने कागज रखता हैं न किताब रखता हैं, प्रकाश पोर्ते ने लेकर नाम तेरा, सावन सिटोके ने बहुत याद आते हैं वो विद्यालय के दिन रचना से स्कूल के दिनों की यादें ताजा कर दी। इसके बाद रतन सोलंकी ने उमड़ घुमड़ कर बदरा छाए, बाल कवि दुहित गौर ने जिंदगी में नफरत को जगह कभी न मिले, जिंदगी में बस प्यार प्यार होना चाहिए सुनाई एवं अपने हास्य मुक्तकों से सभी को खूब हँसाया। मदन व्यास ने क्या थे हम क्या धीरे धीरे हो गए, दुर्गेशनन्दन शर्मा ने रंगबिरंगी तकलीफों में मेरा दर्द सुनहरा है, रमेश भद्रावले ने अपनी छोटी छोटी क्षणिकाओं से श्रोताओं को हँसी के ठहाके लगाए। अतहर हुसैन जोहर ने हसीन ख़्वाब की महफ़िल को तुम सजा देना, कपिल दुबे ने एक कुल की नहीं दो दो कुलों की शान हैं बेटी, जयकृष्ण चांडक ने अपने गम में भी खुश हैं, मन्सूर अली ने हमको मिलकर ही प्यार करना है, लोमेश गौर एलजी ने जीवन में संघर्ष न हो तो, मजा कहां मिल पाता। ग़ज़लकार शिरीष अग्रवाल ने मुंसिफ भी देख रहा था उसको ध्यान से, सुभाष सिटोके ने शायद समय करे व्याख्यायित मैंने तो लिख डाला, संचालन कर रहे इकाई के अध्यक्ष जी आर गौर ने अपनी कविता के माध्यम से योग करने व स्वस्थ रहने का संदेश दिया। अंत में अध्यक्षता कर रहे प्रभुशंकर शुक्ल ने दोहे सुनाकर तालियाँ बटोरी। गोष्ठी में श्रोता के रूप में इरशाद खान,राजू अग्रवाल,दीपक गुंजन जी उपस्थित थे।

---

## शहर में निकली पल्स पोलियो व दस्तक रैली

# जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




**बुरहानपुर।** पल्स पोलियो अभियान के प्रचार प्रसार और आमजन में अभियान के प्रति जन जागरूकता लाने के लिए स्कूली बच्चों, स्वास्थ्य विभाग कार्यकर्ताओ द्वारा शनिवार को पल्स पोलियो रैली और दस्तक रैली का आयोजन किया गया। यह जागरूकता रैली कन्या स्कूल से होते हुए सब्जी मंडी रोड, प्रकाश टॉकिज से होते हुए पुराना जिला अस्पताल से कन्या स्कूल पहुंची। यहां समापन किया गया। रैली को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एलडीएस फूंकवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पल्स पोलियो पर गीत भी गाया गया। स्कूली बच्चों द्वारा नारे लगाए गए। हम सबने ठाना है पोलियो को मिटाना है। हर बच्चा हर बार याद रहे पोलियो रविवार। इस तरह के नारे लगाए गए। रैली में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वायबी शास्त्री, रविंद्र सिंह राजपूत, विजय सोनी, अशफाक अंसारी सहित शहरी आशा और कन्या स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।